MOM of Committee of Management

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

दिनाक : 04 अक्टूबर 2022, (04-10-2022)
स्थान : वेबिनार
उपस्थिति : वेबिनार के माध्यम से, जो निम्न है:

१. श्री राकेश कुमार तिवारी	-	माननीय अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
२. श्री दिलीप सिंह	-	माननीय उपाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
३. श्री अमित कुमार	-	माननीय सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
४. सुश्री प्रिया कुमारी	-	माननीय संयुक्त सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
५. श्री आशुतोष नंदन सिंह	-	माननीय कोषाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
६. श्री ओम प्रकाश जैसवाल	-	माननीय जिला प्रतिनिधि, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
७. श्री अमिकर दयाल	-	आईसीए पुरुष प्रतिनिधि
८. श्री मनीष राज	-	मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन

अध्यक्षता

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक की अध्यक्षता की।

कोरम

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित/सम्मलित है, बैठक की शुरुआत किया गया।

उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों की अनुमति से, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

सभा का संचालन

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा सभा का संचालन की गई। सभा की शुरुआत माननीय माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्ययो का स्वागत से करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की वर्तमान स्थिति से सबों को अवगत कराया।

इसके बाद कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक में वर्णित एजेंडों पर चर्चा प्रारम्भ हुआ:

एजेंडा संख्या : 1. कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व की बैठको की संपूष्टि।
निर्णय : कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के अगले बैठक (जो कि वर्चुअल नहीं होगी) में, पूर्व के बैठक के एजेंडा एवं उसमे लिए गए निर्णय को पढने के बाद निर्णय लिया जायेगा।

एजेंडा संख्या : 2. बीसीए संविधान की धारा 18/4/r के आलोक में विमर्श और निर्णय।
निर्णय : एजेंडा संख्या 2 को पटल पर चर्चा के लिए लाया गया, कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने सदस्यों को बताया कि कमेटी ऑफ़ मैनेजमेंट को प्रदत शक्तियों जो कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की धारा 18(4)(r) में वर्णित है कि "To appoint the BCA's representative or Representatives to participate any meetings, seminars, conferences of the BCCI or its members" पर निर्णय लिया जा सकता है। इस पर चर्चा के उपरांत, वेबिनार में शामिल सदस्यों ने बहुमत से बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तरफ से माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को बीसीसीआई की होने आगामी बैठकों और चुनाव से सम्बंधित सभी प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अधिकृत किया।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

एजेंडा संख्या : 3. अध्यक्ष के आदेश से अन्यान्य विषयों पर विमर्श और निर्णय।

निर्णय : अध्यक्ष महोदय के आदेश से उपाध्यक्ष श्री दीलीप सिंह ने वेबिनार में शामिल सदस्यों को बताया कि, मधुबनी और अरवल जिला के मामलें जो माननीय लोकपाल महोदय का आदेश आया है, उस संदर्भ में हमारा मानना है कि सही तरीके से बीसीए का पक्ष माननीय लोकपाल महोदय के समक्ष नहीं रखा गया है। अतः इस निर्णय से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। इस मामलें में हम चाहते हैं कि कानूनी सलाह लेकर माननीय लोकपाल महोदय के समक्ष पुनर्विचार याचिका सम्पूर्ण तथ्यों के साथ दाखिल किया जाए, या फिर उच्च न्यायालय में रिट दाखिल किया जाए। उपाध्यक्ष महोदय ने मधुबनी में कार्य कर रही तदर्थ कमेटी को नई कमेटी के गठन तक कार्य करते रहने का प्रस्ताव देते हुए, अरवल जिला में क्रिकेटरों के हित में एक कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा।

उपाध्यक्ष महोदय के प्रस्ताव पर विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि, स्थाई कमेटी के गठन तक मधुबनी में वर्तमान में कार्यरत तदर्थ कमेटी हीं कार्य करती रहेगी। मीटिंग में शामिल सदस्यों ने अरवल जिला में क्रिकेटिंग गतिविधियों के संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया, जो निम्न हैं:

अजय कुमार : चेयरमैन
कुंदन शर्मा : संयोजक
राहुल देव : सदस्य

इसके बाद बीसीए अध्यक्ष ने मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीटिंग की कार्यवाही को आज के लिए समाप्त कर दिया।

Rakesh Kr Tiwary

राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन